***प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-***
***(पत्रांक-65/2025 दिनांक 06.03.2025)***
***दिनांक-06.03.2025 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-***

***लगभग 10 लाख 81 हजार रुपये कीमत की 170 पेटी विभिन्न ब्रॉण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब, एक ट्रक वाहन से खाली अण्डों के गत्तों में छिपाकर बिहार राज्य हेतु ले जायी जा रही, बरामद-***

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री/निष्कर्षण/परिवहन के रोक थाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.03.2025 को थाना पडरौना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बांसी चौकी के पास से एक आयशर ट्रक वाहन संख्या HR 45 E 6999 से खाली अण्डे के गत्तों के बीच मे छिपाकर बिहार राज्य हेतु ले जायी जा रही 170 पेटी कुल 1519.2 लीटर अवैध पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब (कीमत लगभग 10 लाख 81 हजार रुपये) बरामद की गयी। पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त मौके से फरार हो गये, वाहन नंबर के आधार पर अभियुक्त को चिन्हित कर लिया गया है। शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 106/2025 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***पंजीकृत अभियोग-***
मु0अ0सं0 106/2025 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम

***बरामदगी का विवरण- (वाहन सहित कुल कीमत लगभग 29 लाख 81 हजार रुपये)***
1. ग्रैंड अफेयर प्रीमियम व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब- 82 पेटी (984 शीशी) प्रत्येक बोतल की धारिता 750ml (कुल कीमत लगभग 4 लाख 92 हजार रूपये)
2. ग्रैंड अफेयर प्रीमियम व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब- 38 पेटी (912 शीशी) प्रत्येक बोतल की धारिता 375 ml (कुल कीमत 02 लाख 73 हजार रूपये)
3. ग्रैंड अफेयर प्रीमियम व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब- 30 पेटी (1440

Edit with WPS Office

शीशी) प्रत्येक बोतल की धारिता 180ml (कुल कीमत 01 लाख 72 हजार रूपये)
4. मैकडावल नं0 01 ओरिजनल ब्लेंडेड व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब- 20 पेटी (480 शीशी) प्रत्येक बोतल की धारिता 180ml (कुल कीमत 01 लाख 44 हजार रूपये)
5. आयशर ट्रक वाहन संख्या HR 45 E 6999 (कीमत करीब 19 लाख रूपये)
6. 200 अदद खाली अण्डों का गत्ता

***बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-***
1. प्रभारी निरीक्षक श्री रवि कुमार राय थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर
2. निरीक्षक अपराध श्री महेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर
3. उ0नि0 विपिन सिंह चौकी प्रभारी बांसी थाना को0 पड़रौना जनपद कुशीनगर
4. का0 ज्ञान प्रकाश सूर्यवंशी थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर
5. का0 चंदन यादव थाना को पडरौना जनपद कुशीनगर

***एक अदद ट्रक वाहन से वध हेतु ले जायी जा रही 20 राशि गोवंशीय पशु बरामद-***

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज श्री अमित सक्सेना के नेतृत्व में गो-तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.03.2025 को थाना तमकुहीराज व थाना तरयासुजान की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एक अदद ट्रक वाहन(यूपी 72 टी 5664) से वध हेतु ले जायी जा रही 20 राशि गोवंशीय पशु की बरामदगी की गयी। पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त मौके से फरार हो गये, वाहन नंबर के आधार पर अभियुक्त को चिन्हित कर लिया गया है। शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। बरामदगी के आधार पर थाना तमकुहीराज में मु0अ0सं0 75 /2025 धारा 3/5ए/8/5बी गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रुरता नि0 अधि0 में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***पंजीकृत अभियोग-***
मु0अ0सं0 75 /2025 धारा 3/5ए/8/5बी गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रुरता नि0 अधि0 थाना तमकुहीराज कुशीनगर

Edit with WPS Office

*बरामदगी विवरण-*
1-01 अदद ट्रक वाहन(यूपी 72 टी 5664)
2-20 राशि गोवंशीय पशु

*बरामदगी करने वाली टीमः-*
1-प्र0नि0 श्री अमित शर्मा थाना तमकुहीराज कुशीनगर ।
2-प्र0नि0 श्री राजप्रकाश सिह थाना तरयासुजान कुशीनगर
3-व0उ0नि0 दिनेश कुमार साहनी थाना तमकुहीराज कुशीनगर
4-उ0नि0 श्री अरसलान अहमद थाना तमकुहीराज कुशीनगर
5-उ0नि0 श्री अजीत कुमार थाना तमकुहीराज कुशीनगर
6-हे0का0 इम्तियाज अहमद थाना तमकुहीराज कुशीनगर
7-का0 राकेश कुमार सिह थाना तमकुहीराज कुशीनगर

*थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-*

जनपद कुशीनगर में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.03.2025 को थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा मु0न0 681/03 मु0अ0सं0 909/02 धारा 323/325/324/506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राघवेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र साकिन सहुआडीह थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

*पंजीकृत अभियोग-*
मु0न0 681/03 मु0अ0सं0 909/02 धारा 323/325/324/506 भा0द0वि0

*गिरफ्तार अभियुक्त-*
राघवेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र साकिन सहुआडीह थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर

*गिरफ्तार करने वाली टीम-*
1. म0उ0नि0 प्रिंसी पाण्डेय थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर
2. का0 मनोज यादव थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर

*थाना तरया सुजान पुलिस द्वारा 12 पेटी अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-*

Edit with WPS Office

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज श्री अमित सक्सेना के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री/निष्कर्षण/परिवहन के रोक थाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.03.2025 को थाना तरयासुजान पुलिस द्वारा अभियुक्त वुटटू डोम पुत्र मंसी डोम साकिन रामकरन पट्टी थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 12 पेटी (540 पीस) बंटी बबली अवैध देशी शराब की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0-62/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***पंजीकृत अभियोग—***
मु0अ0सं0-62/2025 धारा 60 आबकारी अधि0थानातरयासुजान जनपद कुशीनगर

***गिरफ्तार अभियुक्त—***
अभियुक्त वुटटू डोम पुत्र मंसी डोम साकिन रामकरन पट्टी थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर

***बरामदगी विवरण-***
12 पेटी (540 पीस) बंटी बबली अवैध देशी शराब

***गिरफ्तार करने वाली टीम:-***
1. प्र0नि0 श्री राज प्रकाश सिह थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
2. उ0नि0 अरविन्द कुमार (चौकी प्रभारी तिनफेडिया) थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर
3. आऱक्षी लाल बाबू थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर
4. आरक्षी राहुल गुप्ता थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर

***थाना कसया पुलिस द्वारा चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-***

जनपद कुशीनगर में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.03.2025 को थाना कसया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0123/ 2025 धारा 303(2), 317(2) BNS. से संबंधित अभियुक्त सूरज गुप्ता पुत्र राजू गुप्ता निवासी गढहिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर को चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ

Edit with WPS Office

गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**पंजीकृत अभियोग–**
मु0अ0सं0 0123/ 2025 धारा 303(2), 317(2) BNS. थाना कसया जनपद कुशीनगर

**गिरफ्तार अभियुक्त-**
सूरज गुप्ता पुत्र राजू गुप्ता निवासी गढहिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर

**बरामदगी का विवरण-**
चोरी की एक मोटरसाइकिल वाहन सं0 UP57V 7881 एचएफ डीलक्स

**बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**
1- उ0नि0 अमित कुमार सिंह थाना कसया जनपद कुशीनगर
2- उ0नि0 आदर्श मिश्रा थाना कसया जनपद कुशीनगर
3- का0 अमित यादव थाना कसया जनपद कुशीनगर

**शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-**
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 62 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

**कार्यवाही एक नजर में=**
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-63 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-76, व्यक्ति-356
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(03)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-65)

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद कुशीनगर**

Edit with WPS Office